एयरो शो में बीईएमएल

बीईएमएल लिमिटेड, जो भारत सरकार, रक्षा मंत्रालय के अधीन एक मिनीरत्न सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम है, एशिया के प्रमुख द्वि-वार्षिक एयरशो और विमानन प्रदर्शनी, एयरो इंडिया 2019 में बड़े पैमाने पर भाग ले रहा है। उक्त प्रदर्शनी 20 फरवरी से 24 फरवरी, 2019 तक येलहंका वायु सेना स्टेशन, बेंगलूर में आयोजित की जाएगी।

बीईएमएल भारत की विमानन, रक्षा और वांतरिक्ष क्षेत्रों की वृद्धि का समर्थन करने के लिए अपनी क्षमताओं का, विशेष रूप से मेक-इन-इंडिया पहल के माध्यम से प्रदर्शन करेगा।

बीईएमएल एयरबोर्न स्ट्रक्चर्स, ग्राउंड सपोर्ट और ग्राउंड हैंडलिंग सिस्टम के निर्माण में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करेगा। यह इसरो मोटर, बम पैलेट और एविएशन होसेस के साथ-साथ आकाश और क्विक रेस्पॉन्स सर्फेस-टू-एयर मिसाइल (क्यूआरएसएएम) के लिए मिसाइल समुच्चयों का भी प्रदर्शित करेगा, जो विमानन क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण घटक हैं।

एयरक्राफ्ट टोइंग ट्रेक्टर (हवाई अड्डा भू-समर्थन वाहन)

क्विक रेस्पॉन्स सर्फेस एयर मिसाइल सिस्टम (क्यूआरएसएएम)

बीईएमएल नई सीमाओं तक पहुँचने के लिए अपनी विज़न में परिवर्तन कर रहा है और ओईएम के साथ मिलकर अंतर्राष्ट्रीय वांतरिक्ष उद्योग में एक महत्वपूर्ण खिलाड़ी बनना चाहता है।

बीईएमएल द्वारा मीडिया रिलीस

दिनांक : 14.02.2019

अधिक जानकारी के लिए, कृपया संपर्क करें :
एस. रमानन्द
सहायक महाप्रबंधक (कॉर्पोरेट संचार)
बीईएमएल लिमिटेड, बेंगलूर
दूरभाष : +91 8022224457
मोबाइल : +91 97413 51582
www.bemlindia.in